>

Title : Need to give due share of water from Sone River to Bihar as per Bansagar Agreement.

श्री जगदानंद सिंह (बक्सर): केन्द्रीय सरकार के नेतृत्व में बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश का बाणसागर समझौता सोन नदी के पानी के बंटवारे हेतु वर्ष 1975 में हुआ था। उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के द्वारा लगातार समझौते का उल्लंघन किया जा रहा है। केन्द्रीय जल आयोग के नेतृत्व में गठित बाण सागर तथा रिहिन्द जलाशय का संचालन उचित रूप से नहीं होने के कारण बिहार को अपने हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है। बिहार के बक्सर-कैमुर, रोहतास-भोजपुर-पटनाऱ-औरंगाबाद-अरवल इत्यादि जिलों में खेती खतरे में है। प्रत्येक वर्ष खरीफ तथा रबी फसलों का नुकसान हो रहा है।

इस हालत में जल संसाधन विभाग, भारत सरकार को अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।